समाचार विज्ञप्ति

अनुदान विविधता का समर्थन और नस्लवाद का मुकाबला करेंगे

29 सितम्बर, 2022

अल्बर्टा सांस्कृतिक जागरूकता में वृद्धि करने और नस्लवाद का सामना करने में अल्बर्टा निवासियों की मदद के लिए एक नया अनुदान प्रोग्राम आरंभ कर रहा है।

बहुसंस्कृतिवादी और नस्लवाद-विरोधी अनुदान प्रोग्राम (Multiculturalism and Anti-Racism Grant Program) ऐसी परियोजनाएं बनाने के लिए सामुदायिक संगठनों में 1 मिलियन डॉलर का निवेश कर रहा है जो अल्बर्टा की विविधता का जश्न मनाएंगी और अल्बर्टा निवासियों को नस्लवाद-विरोधी प्रयासों पर विचार करने और उनके बारे में बात करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी।

सफल आवेदन उन परियोजनाओं का समर्थन करेंगे जो अल्बर्टा की विविध संस्कृतियों की समझ को सुधारते हैं, नस्लवाद का अनुभव करने वाले लोगों के द्वारा सामना की जाने वाले चुनौतियों पर प्रकाश डालते हैं और/या नस्लवाद को बेहतर समझने और उसके विरूद्ध कार्यवाही करने में सभी अल्बर्टा निवासियों की मदद करते हैं। सामुदायिक समूह इन पहलों का समर्थन करने के लिए 30,000 डॉलर तक प्राप्त करने के पात्र होंगे।

आवेदन 16 नवंबर तक स्वीकार किए जाएंगे और अल्बर्टा-स्थित गैर-लाभकारी संगठनों के लिए खुलें हैं, जिस में बहुसांस्कृतिक और आस्था-आधारित संगठन, फर्स्ट नेशन्ज़ और मेटी बस्तियां शामिल हैं।

यह अनुदान प्रोग्राम शुरू करके, अल्बर्टा की सरकार सांस्कृतिक समुदायों को अपने अनुभव साझा करने और अल्बर्टा में उनके योगदान पर प्रकाश डालने में सक्षम बनाकर बहुसंस्कृतिवाद और नस्लवाद विरोधी कार्य करना जारी रखे रही है।

प्रांत की ऐंटी-रेसिज़म ऐक्शन प्लैन अर्थपूर्ण कार्यवाही के लिए रोड मैप है और विविधता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इसमें आप्रवासियों की सफलताओं का जश्न मनाने के लिए हाल ही के अल्बर्टा न्यूकमर रेकिग्निशन अवार्ड्स, प्राप्तकर्ताओं की घोषणा 21 सितंबर को की गई, और नस्लवाद का सामना करने के लिए इनपुट इकठ्ठा करने के लिए सार्वजनिक जुड़ाव शामिल हैं। अल्बर्टा की ऐंटी-रेसिज़म ऐड्वाइज़री कौंसिल ने इस काम में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

महत्वपूर्ण तथ्य

- आवेदन 16 नवंबर को रात 11:59 तक स्वीकार किए जाएंगे।
- अनुदान इन अल्बर्टा-स्थित संगठनों के लिए खुले हैं:
  - गैर-लाभकारी संगठन (प्रांतीय या संघीय कानून के अंतर्गत निगमित, पंजीकृत या स्थापित), जिनमें इन्डिजनस, बहुसांस्कृतिक और आस्था-आधारित संगठन शामिल हैं
  - फर्स्ट नेशन्ज़
  - मेटी बस्तियां
- पात्र परियोजनाओं के लक्ष्यों में निम्नलिखित में से कम से कम एक होना आवश्यक है:
  - अंतर-सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना।
  - दूसरी संस्कृतियों के लोगों और उनसे विभिन्नताओं के बारे में अल्बर्टा निवासियों की समझ में वृद्धि करना।
  - नस्लवाद और इन्डिजनस तथा नस्लीय समूहों के द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों के बारे में अल्बर्टा निवासियों की समझ को बढ़ाना।
  - अल्बर्टा निवासियों की जानकारी को बढ़ाना ताकि वे बेहतर ढंग से नस्लवाद की पहचान और उसका सामना कर सकें।

संबंधित जानकारी

- बहुसांस्कृतिकवाद और नस्लवाद विरोधी अनुदान
- ऐंटी-रेसिज़म ऐक्शन प्लैन
- नस्लवाद-विरोधी जुड़ाव